HJU

हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय
HARIDEV JOSHI UNIVERSITY OF JOURNALISM AND MASS COMMUNICATION

क्रमांकःप.5(33)एचजेयू/प्रशा/मीटिंग/वि.प.(विशेष–I)/2021 दिनांक : 15.12.2021

## विद्यापरिषद् की विशेष बैठक–I का कार्यवाही विवरण

हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर अधिनियम 2019 की धारा 25 के अन्तर्गत गठित विद्यापरिषद् की विशेष बैठक–I दिनांक 15.12.2021 को मध्याह्न 12.00 बजे कक्ष संख्या 207, द्वितीय तल, राजीव गांधी विद्या भवन, सर्वेपल्ली राधाकृष्णन शिक्षासंकुल, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, जयपुर में आयोजित की गई। बैठक में विद्यापरिषद् के उपस्थित पदाधिकारियों का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र.सं. | उपस्थित पदाधिकारी का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री ओम थानवी | कुलपति एवं अध्यक्ष विद्यापरिषद्, एचजेयू, जयपुर |
| 2 | श्रीमती अलका सक्सैना | अतिरिक्त निदेशक एवं नाम निर्देशित प्रमुख शासन सचिव, सूचना और जनसम्पर्क विभाग एवं सदस्य, विद्यापरिषद्, एचजेयू, जयपुर |
| 3 | डॉ. फिरोज़ अख्तर | संयुक्त सचिव एवं नाम निर्देशित प्रभारी सचिव उच्च शिक्षा (ग्रुप–4) विभाग एवं सदस्य, विद्यापरिषद्, एचजेयू, जयपुर |
| 4 | डॉ. विश्वपति त्रिवेदी | कुलाधिपति द्वारा मनोनीत सदस्य, विद्यापरिषद्, एचजेयू, जयपुर |
| 5 | श्री ओम सैनी | राज्य सरकार द्वारा मनोनीत सदस्य, विद्यापरिषद्, एचजेयू, जयपुर |
| 6 | डॉ. मनोज कुमार लोढा | संकायाध्यक्ष, पत्रकारिता संकाय एवं सदस्य विद्यापरिषद्, एचजेयू, जयपुर |
| 7 | डॉ. अजय कुमार सिंह | संकायाध्यक्ष, जनसंचार संकाय एवं सदस्य विद्यापरिषद्, एचजेयू, जयपुर |
| 8 | श्री अबु सुफियान चौहान | कुलसचिव एवं सदस्य सचिव विद्यापरिषद्, एचजेयू, जयपुर |

बैठक का आरम्भ आमंत्रित अतिथियों के स्वागत के साथ किया गया। तदुपरान्त विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 26 में उल्लेखित विद्यापरिषद् के कृत्यों/शक्तियों के अनुसार बैठक में एजेंडा अनुरूप विचार–विमर्श किया गया। तदुपरान्त पारित निर्णय का विवरण निम्नानुसार है :–

| कार्य सूची संख्या | कार्य का संक्षिप्त विवरण | निर्णय/टिप्पणी |
|---|---|---|
| विशेष 1–1 | विश्वविद्यालय में राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत एवं विज्ञापित शैक्षणिक पदों यथा प्रोफेसर (विकास संचार विभाग, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग, मीडिया संगठन एवं जनसम्पर्क विभाग, मीडिया अध्ययन विभाग, नव मीडिया विभाग), एसोसिएट प्रोफेसर (विकास संचार विभाग, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग, मीडिया संगठन एवं जनसम्पर्क विभाग, मीडिया अध्ययन विभाग, नव मीडिया विभाग), असिस्टेंट प्रोफेसर (विकास संचार विभाग, मीडिया संगठन एवं जनसम्पर्क विभाग, नव मीडिया विभाग) एवं असिस्टेंट लाइब्रेरियन के लिए चयन समिति हेतु विषय विशेषज्ञों का पैनल तैयार करवाया जाना है। | विद्यापरिषद् द्वारा विचार–विमर्श उपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विभिन्न शैक्षणिक पदो के लिए चयन समिति हेतु पैनल बनाए जाने के लिए एक तीन सदस्यीय समिति बनाई जाए। इस समिति में एक सदस्य प्रबन्ध बोर्ड, एक सदस्य विद्यापरिषद् एवं एक बाह्य सदस्य (प्रोफेसर स्तर) लिए जाने का निर्णय किया गया।<br>उक्तानुसार निम्नलिखित सदस्यों को सम्मिलित करते हुए समिति का गठन किया जाना निश्चित हुआ :–<br>1. प्रो0 अपूर्वानन्द, नई दिल्ली, सदस्य प्रबंध बोर्ड, एचजेयू — संयोजक<br>2. प्रो. आनन्द प्रधान, आईआईएमसी, नई दिल्ली — सदस्य<br>3. श्री ओम सैनी, वरिष्ठ पत्रकार एवं सदस्य विद्यापरिषद्, एचजेयू — सदस्य सचिव<br>उक्त समिति द्वारा प्रत्येक विभाग/ विषय के लिए 25–40 नामों की सूची तैयार की जाएगी। इस सूची को विद्यापरिषद् की आगामी बैठक में अन्तिमीकरण हेतु प्रस्तुत किया जाएगा। |

अन्त में बैठक धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

| क्र.सं. | उपस्थित पदाधिकारी का नाम | पदनाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री ओम थानवी | कुलपति एवं अध्यक्ष विद्यापरिषद्, एचजेयू, जयपुर | [signature] |
| | | | |

हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय
HARIDEV JOSHI UNIVERSITY OF JOURNALISM AND MASS COMMUNICATION

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | श्रीमती अलका सक्सैना | अतिरिक्त निदेशक, सूचना और जनसम्पर्क विभाग एवं सदस्य, विद्यापरिषद, एचजेयू, जयपुर | 15/12/21 |
| 3 | डॉ. फिरोज़ अख्तर | संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा (ग्रुप–4) विभाग एवं सदस्य, विद्यापरिषद, एचजेयू, जयपुर | |
| 4 | डॉ. विश्वपति त्रिवेदी | कुलाधिपति द्वारा मनोनीत सदस्य, विद्यापरिषद, एचजेयू, जयपुर | |
| 5 | श्री ओम सैनी | राज्य सरकार द्वारा मनोनीत सदस्य, विद्यापरिषद, एचजेयू, जयपुर | |
| 6 | डॉ. मनोज कुमार लोढा | संकायाध्यक्ष, पत्रकारिता संकाय एवं सदस्य विद्यापरिषद, एचजेयू, जयपुर | 15/12/2021 |
| 7 | डॉ. अजय कुमार सिंह | संकायाध्यक्ष, जनसंचार संकाय एवं सदस्य विद्यापरिषद, एचजेयू, जयपुर | 15/12/2021 |
| 8 | श्री अबु सुफियान चौहान | कुलसचिव एवं सदस्य सचिव विद्यापरिषद, एचजेयू, जयपुर | 15/12/21 |